Class V H. Hindi

Ch- 6



classmate

Date ______

Page ______

मौखिक -

उ० 1→ बादशाह ने युवक का वेतन पंद्रह रुपए तय किया।

उ० 2→ युवक ने कारीगर लगाकर सब कीमती सामान लिफ़ाफ़ों से उतरवा लिया और बाज़ार में बेच दिया।

उ० 3→ बादशाह ने युवक को अपने राज्य का वित्तमंत्री बना दिया।

उ० 4→ बादशाह ने रात के दो बजे अपने मंत्रियों को बुलवाया।

लिखित

उ० 1→ बादशाह ने अपने मंत्री से कहा, "मुझे एक निजी सहायक की जरूरत है, आपकी दृष्टि में कोई हो तो ले आएँ, पर इतना ध्यान रखें कि आदमी अच्छा हो।"

उ० 2→ युवक ने सबसे बड़ा वेतन बादशाह की सेवा करने को कहा क्योंकि उसे बादशाह की सेवा करने का मौका मिला था।

उ० 3→ चुगलखोरों ने युवक को बादशाह की नज़रों से गिराने के लिए बादशाह से उसकी शिकायत कर दी कि वह रुपया लुटा रहा है।

उ० 4→ वित्तमंत्री रात के दो बजे इलाके से इस साल का जो राजकर आया है, उसमें पिछले साल से एक पैसा कम है, इसलिए बार-बार देख रहे थे कि जोड़ में भूल है या सचमुच पैसा कम है।

उ० 5→ वित्तमंत्री ने नम्रता के साथ पैसा वापस करते हुए कहा, "हुजूर, पैसा तो मैं भी डाल सकता था, पर यदि पैसा कम है और उसके लिए पूछताछ न हुई तो इससे अफसरों के काम में ढील और उनके मन में बेईमानी पैदा होगी।"

Scanned with CamScanner

(2)

## लिखित

उद्देश्य - Written Expression
• finding details
• description • reasoning
M.I. – logical

1. क. बादशाह ने अपने मंत्री से क्या कहा ?

   ख. युवक ने सबसे बड़ा वेतन किसे कहा और क्यों ?

   ग. चुगलखोरों ने युवक को बादशाह की नज़रों से गिराने के लिए क्या किया ?

   घ. वित्तमंत्री रात के दो बजे क्या कर रहे थे ?

   ङ. वित्तमंत्री ने राजा से एक पैसा क्यों नहीं लिया ?

   **च. इस कहानी से क्या संदेश मिलता है ? सही उत्तर पर ✓ लगाओ—**

   - [✓] परिश्रम और ईमानदारी से काम करना चाहिए।
   - [ ] पैसे-पैसे का हिसाब रखना चाहिए।
   - [ ] दूसरों की शिकायत नहीं करनी चाहिए।
   - [ ] दूसरों का मज़ाक नहीं बनाना चाहिए।

   **छ. कहानी के लिए उचित शीर्षक पर ✓ लगाओ—**

   - [ ] युवक बना प्रधानमंत्री
   - [✓] मेहनत, ईमानदारी का फल
   - [ ] मंत्री का दुख
   - [✓] युवक की समझदारी

2. **किसने, किससे कहा ?** recall

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | "हुज़ूर, मैंने इसे हज़ारों में से छाँटा है।" | मंत्री ने | बादशाह से |
| ख. | "तुमने यह सजावट किसके रुपए से की ?" | बादशाह ने | युवक से |
| ग. | "हमारे पास तो इस समय कोई काम नहीं है।" | बादशाह ने | युवक और मंत्री से |
| घ. | "हमारे सब मंत्रियों को उनके घरों से उठाकर इस कमरे में ले आओ।" | बादशाह ने | सेनापति से |
| ङ. | "दूर के इलाके से इस साल का जो राजकर आया है, उसमें पिछले साल से एक पैसा कम है।" | युवक ने | बादशाह से |



Scanned with CamScanner

3

3. दिए गए वाक्यों को सही शब्दों द्वारा पूरा करो—

• usage of correct words

क. उसने अच्छा स्थान दिलाने के लिए मंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

ख. कार्यालय से सटी एक छोटी-सी कोठरी थी।

ग. चुगलखोरों ने बादशाह से युवक की शिकायत की।

घ. इस सजावट के लिए धन कहाँ से आया?

## सोचकर लिखो—

ऐसे कौन-कौन से कार्य आप करते हैं जिनके कारण अध्यापिका और माता-पिता आपको प्यार करते हैं?

Values - obedience - hard work

## भाषा से...

1. वर्ण-विच्छेद करो—

• spelling system वर्ण-विच्छेद

ध्यान = ध् + य् + आ + न् + अ

उन्नति = उ + न् + न् + अ + त् + इ

रत्न = र् + अ + त् + न् + अ

दफ़्तर = द् + अ + फ़् + त् + अ + र् + अ

शिकायत = श् + इ + क् + आ + य् + अ + त् + अ

X 2. जब दो समान व्यंजन एक साथ आएँ और उनमें पहला व्यंजन स्वर रहित और दूसरा स्वर सहित हो तो उन्हें द्वित्व व्यंजन कहते हैं; जैसे—पत्ता।

पाठ में से द्वित्व व्यंजनवाले शब्द छाँटकर लिखो—

• द्वित्व व्यंजन

लज्जित .......... ..........

.......... .......... ..........



Scanned with CamScanner

3. दिए गए विशेषण शब्दों से **भाववाचक संज्ञा** बनाओ—

| विशेषण | भाववाचक संज्ञा | विशेषण | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| एक | एकता | कुशल | कुशलता |
| अच्छा | अच्छाई | कठिन | कठिनाई |
| नम्र | नम्रता | भला | भलाई |
| शिष्ट | शिष्टता | चतुर | चतुरता |
| ऊँचा | ऊँचाई | मीठा | मीठापन |

4. **वाक्यांश के लिए एक शब्द** लिखो—

• one word for many

सरकारी आय-व्यय की देखरेख करनेवाला — वित्तमंत्री

किए हुए उपकार को माननेवाला — कृतज्ञ

खजाने की देखरेख करनेवाला — खजांची

जिसपर विश्वास किया जा सके — विश्वसनीय

ईमानदारी से काम करनेवाला — ईमानदार

5. **क्रियाविशेषण शब्द** चुनो—

• adverb

आप जानते हैं कि क्रिया के बारे में कुछ विशेष बतानेवाले शब्द **क्रियाविशेषण** कहलाते हैं। **क्रियाविशेषण** शब्द बताते हैं कि क्रिया कैसे, कहाँ, कब और कितनी हुई।

दिए गए वाक्यों से **क्रियाविशेषण शब्द** चुनकर लिखो—

**क.** गाड़ी धीरे-धीरे चलने लगी। धीरे-धीरे

**ख.** अनन्या भीतर खेल रही है। भीतर

**ग.** हम दिनभर पढ़ते रहते हैं। दिनभर

**घ.** सबसे प्रेमपूर्वक बोलो। प्रेमपूर्वक

**ङ.** नमन इधर-उधर टहल रहा है। इधर-उधर



Scanned with CamScanner

(5)

6. कोठरी की सज़ावट देखकर बादशाह दंग रह गए।
यहाँ रेखांकित शब्दांश का अर्थ है—आश्चर्यचकित होना।

वे वाक्यांश, जो अपना सामान्य अर्थ छोड़कर एक विशेष अर्थ देते हैं, **मुहावरे** कहलाते हैं।

**सही मुहावरे चुनकर वाक्य पूरे करो—**

• idioms

• किस्मत चमकना, हवा से बातें करना, ईंट से ईंट बजाना, दूध का दूध पानी का पानी करना •

**क.** महाराणा प्रताप का घोड़ा ...हवा से बातें... करता था।

**ख.** नौकरी लगते ही उमा की तो ...किस्मत चमक... उठी।

**ग.** बादशाह ने दोषी युवक को सज़ा देकर दूध का दूध पानी का पानी कर दिया।

**घ.** सैनिकों ने शत्रु सेना की ईंट से ईंट बजा दी।

## सुझावित रचनात्मक गतिविधियाँ

• story-reading • dramatization
• life skills • debating
• net surfing
M.I. – bodily-kinesthetic
– linguistic

1. कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' द्वारा लिखित अन्य कहानियाँ पुस्तकालय से पुस्तक लेकर पढ़ो।
2. इस कहानी का नाटक के रूप में मंचन करो।
3. ईमानदारी और लगन का संदेश देती कुछ कहानियाँ एकत्र करो और कक्षा में सुनो-सुनाओ।
4. कक्षा में दो समूह बनाकर वाद-विवाद प्रस्तुत करो। विषय है—'मेहनत का फल मीठा होता है।'

**पाठ से आगे**

बादशाह अकबर या राजा विक्रमादित्य के विषय में इंटरनेट की सहायता से पता लगाओ।

*mocomi.com/*



Scanned with CamScanner